Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 24-08-2006

Participants : Jha Shri Raghunath

an>

Title : Need to open Sugar Mills in various parts of Bihar.

श्री रघुनाथ झा (बेतिया) : अध्यक्ष महोदय, आजादी के समय उत्ती बिहार के काफी बड़े क्षेत्र में गन्ने का उत्पादन होता था तथा पूरे देश की करीब 25 प्रतिशत चीनी का उत्पादन इस क्षेत्र में स्थित चीनी मिलों द्वारा किया जाता था। अभी इन चीनी मिलों में तीन चौथाई मिलें बंद हो चुकी हैं। जो हैं उनकी स्थिति भी अत्यंत जर्जर हो चुकी है जिससे इस क्षेत्र में गन्ना किसानों को परेशानी का सामना करना पडता है। बल्कि इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास भी मृत प्रायः है। बिहार राज्य चीनी निगम के सभी मिलें सालों से बंद पड़ी हैं एवं मजदूर बेकार पड़े हैं। किसानों की बकाया राशि का भुगतान भी नहीं हो पाया है।

स्थिति निराशाजनक हो गयी है कि न मजदूरों का बकाया और न किसानों का बकाया राशि का भुगतान ही हो रहा है।

आजादी के बाद एक भी चीनी मिल बिहार में न सरकारी, न सहकारी और न निजी क्षेत्र में खोले जा सके हैं। 32 चीनी मिलें थीं, अब मात्र 6 चीनी मिलें निजी क्षेत्र में चल रही हैं। बिहार में चीनी उद्योग की काफी संभावनायें हैं।

मैं मांग करता हूं कि बेतिया, चनपटिया, नौतन, लौरिया, सुगौली, चकिया, मोतिहारी, मोतीपुर सकरी, ओरौल में चीनी मिलें खोले जाने हेतु आवश्यक कदम उठावें।